प्रेस प्रकाशनी PRESS RELEASE

भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA

वेबसाइट : www.rbi.org.in/hindi
Website : www.rbi.org.in
ई-मेल/email : helpdoc@rbi.org.in

आज़ादी का अमृत महोत्सव

संचार विभाग, केंद्रीय कार्यालय, एस.बी.एस. मार्ग, फोर्ट, मुंबई - 400 001
Department of Communication, Central Office, S.B.S. Marg, Fort, Mumbai - 400 001
फोन/Phone: 022 - 2266 0502

7 जुलाई 2022

रिज़र्व बैंक ने राज्य वित्त सचिवों का 32वां सम्मेलन आयोजित किया

राज्य वित्त सचिवों (एसएफ़एस) का 32 वां सम्मेलन 7 जुलाई 2022 को मुंबई में आयोजित किया गया। इस सम्मेलन में वित्त मंत्रालय, भारत सरकार के अधिकारियों, महालेखा नियंत्रक, भारत के नियंत्रक और महालेखा परीक्षक तथा 24 राज्यों तथा एक संघ शासित प्रदेश के वित्त सचिवों ने भाग लिया। गवर्नर, भारतीय रिज़र्व बैंक ने सम्मेलन का उद्घाटन किया।

सम्मेलन को संबोधित करते हुए, गवर्नर ने विचार-विमर्श हेतु एक प्रभावी मंच के रूप में तथा राज्यों के ऋण और नकदी प्रबंधन से संबंधित विभिन्न मुद्दों के समाधान हेतु प्रभावी तरीके खोजने के लिए एसएफएस सम्मेलन के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने उभरते समष्टि आर्थिक परिदृश्यों को ध्यान में रखते हुए राज्यों को विवेकपूर्ण उधार कार्यनीति और कुशल नकदी प्रबंधन प्रथाओं को अपनाने की आवश्यकता पर ज़ोर दिया। साथ ही, उन्होंने राज्यों को व्यय की गुणवत्ता में सुधार, आकस्मिक देयताओं के बेहतर संचालन और निगरानी तथा सहकारी बैंकों में सुशासन में सुधार पर ध्यान केंद्रित करने की आवश्यकता पर ज़ोर दिया।

बैठक में, अन्य बातों के साथ-साथ, राज्यों द्वारा बाज़ार उधार और समेकित ऋण-शोधन निधि / गारंटी मोचन निधि व्यवस्था की समीक्षा की गई। बैठक में चर्चा किए गए अन्य मुद्दों में राज्यों के व्यय की गुणवत्ता, मुद्रास्फीति नियंत्रण में राज्यों की भूमिका, राज्यों की ऋण प्रबंधन कार्यनीतियां, ऋण और नकदी प्रबंधन हेतु क्षमता संवर्धन कार्यक्रमों की आवश्यकता और विभिन्न परिचालन मामले शामिल थे।

(योगेश दयाल)
मुख्य महाप्रबंधक

प्रेस प्रकाशनी: 2022-2023/494